- Corporate Broker
- Life Insurance
- General Insurance

BROKING
- Equity
- Commodity
- Currency
- IPO/FPO

LOAN SYNDICATION
- Project Finance
- Working Capital
- Infra Project
- Earth Moving Equipment

STRUCTURED FINANCE
- Loan Against Shares
- Loan Against Property
- Promoter Funding

REAL ESTATE ADVISORY
- Rental Income
- Property Broking
- Soft Launch

ADVISORY SERVICES
- Private Placement
- Brand Acquisition
- International Trade
- Duty Credit Scrip

AUM Capital Market Pvt. Ltd.

Trinity Building, Unit No. 6, 6th Floor, A.J.C. Bose Road, Kolkata - 700 020 • Ph.: +91 33 3058 8405

समाचार प्रादेशिक सम्मेलनों से : पश्चिम बंग

पश्चिम बंग मारवाड़ी सम्मेलन का प्रतिभा सम्मान समारोह

पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा उत्कृष्ट अंक प्राप्त मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह, १० जुलाई २०१६ को कोलकाता स्थित कलामंदिर सभागार में किया गया। समारोह में दिल्ली बोर्ड व बंगाल बोर्ड के १०वीं व १२वीं कक्षाओं के करीब ९० विद्यालयों के ४३० छात्र-छात्राओं को सम्मेलन ने प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया। समारोह में विद्यार्थियों को मेमेन्टो, उपहार एवं सम्मेलन के प्रतीक चिह्न एवं प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को विशेष उपहार दिया गया। समारोह में सभी अतिथियों को सम्मेलन की ओर से सम्मेलन के प्रतीक चिह्न (मेमेन्टो) देकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता पश्चिम बंग प्रादेशिक सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री बिजय डोकानियाँ** ने किया।

प्रतिभा सम्मान की प्रतिभागी छात्रा को सम्मानित करते श्री प्रह्लाद राय अगरवाला; अन्य परिलक्षित हैं – श्री बिजय कुमार डोकानियाँ एवं छात्रा के अभिभावक।

श्री डोकानियाँ ने सर्वप्रथम उपस्थित अतिथिगणों, अपने सदस्यों एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास में शिक्षा का सबसे बड़ा योगदान है। इतिहास गवाह है हमारा भारतवर्ष शिक्षा के क्षेत्र में विश्वगुरु था एवं सोने की चिड़िया कहलाता था। नालन्दा एवं तक्षशिला के अवशेष इस बात के प्रमाण हैं। कालान्तर में विदेशी ताकतों ने लोभ में आकर, हमारी कुछ कमजोरियों का फायदा उठाकर हमें लगभग ४०० सालों तक गुलाम बनाये रखा। उन्होंने न सिर्फ हमें आर्थिक रूप से लूटा, हमारी शिक्षा पद्धति को ध्वस्त किया एवं हमारे संस्कृति और संस्कार को भी नष्ट करने की चेष्टा की, अपितु हमें गरीब देशों के श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। परन्तु पुनः हमारे पूर्वजों के बलिदानों से हम स्वाधीन हुए, हमने अपनी शिक्षापद्धति को सुधारा।

समारोह के उद्घाटनकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री प्रह्लाद राय अगरवाला** ने कहा कि छात्रों-छात्राओं को और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। समाज तेजी से आगे बढ़ रहा है, अपने बच्चों को भी तेजी से आगे बढ़ने की जरूरत है। समारोह के प्रधान अतिथि **श्री गिरधारीलाल सुल्तानिया** ने उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के क्षेत्रों में अधिक परिश्रम करने पर बल देते हुए कहा कि बच्चे जिस विषय में रूचि रखता है, उसे उसी विषय पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

समारोह के प्रधान वक्ता **श्री बनवारी लाल मित्तल** ने कहा कि जमाना बदल रहा है, विश्व काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारे बच्चों को भी पढ़ाई के क्षेत्र में तेजी के साथ नए-नए अवसर तलाशने की जरूरत है। तभी हम जाकर विश्व स्तर की शिक्षा हासिल कर पायेंगे एवं विश्व के बड़े-बड़े उन्नतशील देशों में हमारा भारत भी शामिल हो पाएगा। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के क्षेत्रों में नए-नए गुरों से अवगत कराया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने बताया कि समाज के विद्यार्थी सभी क्षेत्रों में सफलता पा रहे हैं। प्रशासन एवं पुलिस के उच्च पदों के लिए भी उन्हें प्रयत्नशील होने की सलाह दी।

राष्ट्रीय महामंत्री **श्री शिवकुमार लोहिया** ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि **साविद्या या विमुक्तये**। यानि जो विद्या जड़ता से एवं अज्ञान से मुक्ति दिला दे, वह विद्या है। विद्यार्थियों को उन्होंने कहा कि उनके जीवन की बागडोर उनके हाथ में हैं। उन्हें स्वयं अपने जीवन को संयम, परिश्रम, लगन एवं निष्ठा से संवारना है।

महामंत्री **सत्यनारायण अग्रवाल** ने सम्मेलन के गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों को और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। समारोह के संयोजक **श्री संतोष मोहता** ने समारोह का सफल संचालन किया। इस मौके पर **सर्वश्री गोपाल अग्रवाल, बिजय गुजरवासिया, श्यामलाल डोकानिया, बिश्वनाथ भुवालका, पंकज केडिया, नन्दकिशोर अग्रवाल, शिवकुमार अग्रवाल, नारायण प्रसाद अग्रवाल, शंकर लाल डोकानिया, कृष्ण कुमार डोकानिया, अशोक पारख, राजेन्द्र प्रसाद सुरेका** आदि ने उपस्थित रहकर समारोह की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में **सर्वश्री जगदीश प्रसाद पाटोदिया, शंभु चौधरी, सुरेश कुमार अग्रवाल, शुभम डोकानिया, सुशील गुप्ता, बिनोद टिबड़ेवाल** सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। ★★★

समाचार प्रादेशिक सम्मेलनों से : बिहार

आडम्बर से मुक्ति जरूरी : कमल नोपानी

दिनांक ३१ जुलाई २०१६ को पटना में राणा प्रताप सभागार में बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा आडम्बर निवारण विचारगोष्ठी आयोजित की गई। समारोह के संयोजक सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री कमल नोपानी** थे। प्रादेशिक अध्यक्ष **श्री निर्मल झुनझुनवाला** ने सभी का स्वागत किया। श्री कमल नोपानी ने विषय प्रवर्तन करते हुए बताया कि पिछले कुछ वर्षों से बिहार में आडम्बर के विरोध में सभी पक्षों से मिलकर एक आम सहमति बनी थी। उसका कुछ असर भी हुआ, पर बीते समय के साथ-साथ यह महसूस किया जा रहा है कि इस ६ सूत्री कार्यक्रम को एक बार फिर से निष्ठा के साथ लागू करने की आवश्यकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस गोष्ठी से कुछ ठोस सुझाव आयेंगे ताकि आडम्बर के चलन से मुक्ति पाया जा सके।

मुख्य अतिथि श्री शिव कुमार लोहिया को सम्मानित करते प्रादेशिक अध्यक्ष श्री निर्मल कुमार झुनझुनवाला।

विचारगोष्ठी को सम्बोधित करते प्रधान वक्ता श्री रतन शाह, अन्य परिलक्षित हैं (बायें से) सर्वश्री महेश जालान, ओमप्रकाश टिबड़ेवाल, शिव कुमार लोहिया, निर्मल झुनझुनवाला, कमल नोपानी एवं पवन सुरेका।

बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष **श्री पवन कुमार सुरेका** ने कहा कि सूत्र निर्धारण से आगे बढ़कर उन सूत्रों को लागू करने के उपायों के बारे में भी निर्णय लेने होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि घर में कोई भी निर्णय लेने में युवा पीढ़ी एवं महिलाओं की अहम भूमिका होती है।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री **श्री शिवकुमार लोहिया** ने अपने वक्तव्य में नये सत्र २०१६-१८ की सम्मेलन के केन्द्रीय कार्यालय की गतिविधियों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। आडम्बर के विषय पर बोलते हुए, उन्होंने कहा कि मारवाड़ी समाज आज देश के कोने-कोने में फैला हुआ है। समाज में कई प्रकार की कमियाँ घर कर रही हैं। आवश्यकता इस बात की है कि हम सचेत हो जायें। समाज पर कोई भी अंगुली उठाये, इससे हम बचें। सोच बदलने की आवश्यकता है। आडम्बर का महत्व अस्थायी है। सम्मेलन के संगठन को मजबूती प्रदान करने का उन्होंने आग्रह किया।

पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री **श्री रतन शाह** ने कहा कि सम्मेलन का इतिहास गौरवमय रहा है। युवाओं एवं महिलाओं के साथ मिलकर इन मुद्दों पर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बिहार प्रांत में शुरू से ही सम्मेलन सक्रिय रहा है एवं बिहार से सम्मेलन के कई कर्मठ कार्यकर्ता का उल्लेखनीय योगदान रहा है।

अध्यक्ष **श्री निर्मल झुनझुनवाला** ने संतोष व्यक्त किया कि बड़ी संख्या में उपस्थित होकर समाजबंधुओं ने समारोह को सफल बनाया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि गोष्ठी में चर्चा किये गए मुद्दों का सभी समाजबंधु पालन करने आगे आयेंगे।

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच की राष्ट्रीय सचिव **श्रीमती सुषमा अग्रवाल** ने कहा कि यह मुद्दा महत्वपूर्ण है। इस विषय में महिलाओं द्वारा स्वतंत्र निर्णय लेने की आवश्यकता पर उन्होंने बल दिया, जो कि आज के परिप्रेक्ष्य में संभव नहीं जान पड़ रहा।

भूतपूर्व न्यायाधीश **श्री रमेश कुमार रतेरिया** ने कहा कि आडम्बर का **महिमा-मंडन** बंद होना चाहिए। इसके आडम्बर स्वतः कम हो जायेगा।

गोष्ठी का सफल संचालन **श्री महेश जालान** ने किया। अंत में बिहार सम्मेलन के महामंत्री **श्री ओम प्रकाश टिबड़ेवाल** ने धन्यवाद-ज्ञापन किया। स्वरूचि भोज के उपरांत समारोह समाप्त हुआ। ★★★

छः सूत्री कार्यक्रम

- **निमंत्रण कार्ड की कीमत अधिकत्तम ४० रूपये से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।**
- **अन्य महानगरों की तरह समारोह का निमंत्रण कार्ड स्टाफ या कोरियर से प्राप्त होने पर इसे व्यक्तिगत उपस्थिति मानी जानी चाहिए। उसके बाद फोन से आग्रह किया जा सकता है।**
- **पंडालों की सजावट एवं भव्यता में कमी आनी चाहिए।**
- **बारात निकलने के बाद सड़क पर नाच–गाने का प्रयोग पूर्णतः बन्द होना चाहिए। विवाह स्थल पर अपनी संस्कृति को ध्यान में रखते हुए किया जा सकता है।**
- **एक आयोजन के लिए अधिकत्तम दो पार्टी से ज्यादा नहीं होना चाहिए।**
- **खाने-पीने में अधिकत्तम ३५ आइटमों से ज्यादा नहीं होना चाहिए।**

समाचार प्रादेशिक सम्मेलनों से : दिल्ली

सम्मेलन की पूर्वी दिल्ली शाखा का 'मोटिवेशनल सेमिनार'

गत ३१ जुलाई २०१६ को विवेक विहार, दिल्ली स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में सम्मेलन की पूर्वी दिल्ली शाखा द्वारा एक मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में सुप्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक **डॉ. शंकर गोयनका** ने २३ दम्पत्तियों एवं अन्य उपस्थित महिला-पुरुषों का मार्गदर्शन किया।

डॉ. गोयनका ने निराशाजनक परिस्थितियों के सामने खुद को बौना न समझने एवं अपनी पूरी ताकत से समस्याओं के समाधान में जुट जाने का आह्वान करते हुए कहा कि हरेक समस्या अपने साथ समाधान लेकर आती है। आवश्यक यह है कि हम हताश न हों तथा समस्याओं को चुनौतियों के रूप में लें।

सेमिनार को संबोधित करते हुए दिल्ली प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री पवन कुमार गोयनका** ने कहा कि जीवन में मनुष्य को अनेक सम-विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। प्रतिकूल अवसरों पर धैर्यपूर्वक एवं साहस से समस्याओं का सामना करना ही समझदार व्यक्ति की निशानी है।

डॉ. शंकर गोयनका को स्मृति-चिह्न प्रदान करते सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री संतोष रूंगटा, अन्य परिलक्षित हैं सर्वश्री राजकुमार अग्रवाल (भूत), अनिल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, राधेश्याम बंसल, प्रताप अग्रवाल, ताराचंद तायल एवं पवन कुमार गोयनका।

दिल्ली प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के उपाध्यक्ष **श्री बाबूलाल दुगड़**, कोषाध्यक्ष **श्री बसंत पोद्दार**, पूर्वी दिल्ली शाखा के अध्यक्ष **श्री राजकुमार अग्रवाल (भूत)**, महामंत्री **श्री प्रताप अग्रवाल**, कोषाध्यक्ष **श्री प्रकाश हीरावत**, स्थानीय अग्रवाल सभा के अध्यक्ष **श्री राधेश्याम बंसल**, महामंत्री **श्री मनीष अग्रवाल, श्री अशोक अग्रवाल (भूत)** आदि ने सेमिनार के आयोजन एवं सफलता हेतु सक्रिय योगदान किया। दिल्ली प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री **श्री राजकुमार मिश्रा** ने सेमिनार का संचालन किया। ★★★

समाचार प्रादेशिक सम्मेलनों से : पूर्वोत्तर

जोरहाट शाखा द्वारा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं मेधावी छात्र-छात्राओं का अभिनन्दन

सम्मेलन की जोरहाट शाखा द्वारा गत १८ जून २०१६ को एक अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें असम विधानसभा के लिए जोरहाट से नवनिर्वाचित विधायक **श्री हितेन्द्र नाथ गोस्वामी** एवं इस वर्ष १०वीं एवं १२वीं कक्षा की परीक्षा में ८०% से अधिक अंक पाने वाले समाज के १७ छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

सम्मानित छात्र-छात्राओं के साथ विधायक श्री गोस्वामी।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्री हितेन्द्र नाथ गोस्वामी ने कहा कि जोरहाट के मारवाड़ी समाज का उनकी जीत में महत्वपूर्ण योगदान है। मारवाड़ी समाज जरूरतमंदों को रोजगार देने में अहम भूमिका निभाता है।

इसके पूर्व जोरहाट सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री बाबूलाल गगड़** ने स्वागत-भाषण दिया। श्री गगड़, प्रांतीय उपाध्यक्ष **श्री राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल**, जोरहाट शाखा के मंत्री **श्री अनिल केजड़ीवाल**, कोषाध्यक्ष **श्री रतनलाल भंसाली**, **सर्वश्री रामअवतार अग्रवाल**, **दुलीचंद अग्रवाल**, **जुगल किशोर सिंघी**, मारवाड़ी महिला सम्मेलन की **श्रीमती सविता मोदी**, मारवाड़ी युवा मंच के **श्री ज्योति प्रसाद सिंघी**, अपर असम चैम्बर ऑफ कामर्स के **श्री ओमप्रकाश गट्टाणी**, पार्षद **श्री अंकुर गुप्ता** आदि ने विविध प्रकार से विधायक श्री गोस्वामी का सम्मान किया एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को अभिनंदित-पुरस्कृत किया।

समारोह का संचालन शाखा उपाध्यक्ष **श्री राजेश जैन** एवं मंत्री **श्री अनिल केजड़ीवाल** ने किया। **श्री अनित अग्रवाल** ने धन्यवाद-ज्ञापन किया। ★★★

श्री गोस्वामी को स्मृति-चिह्न देते जोरहाट सम्मेलन के पदाधिकारी।

WATER PROOFING COMPOUNDS
CONCRETE & MORTAR ADMIXTURES
GROUTS & REPAIRING MORTARS
EPOXY GROUTS & MORTARS
CONCRETING AIDS
SHOT CRETE AIDS
FLOOR TOPPINGS
TILE ADHESIVE
SEALANTS
FOUNDRY AID
COATING/IMPREGNATION
REMOVER/CLEANING COMPOUNDS
EXPANSION & CONTRACTION JOINT SYSTEM
PROTECTIVE & WATERPROOFING COATINGS/SHEETINGS
HIND
Strength Upon Strength
HINDCON CHEMICALS LIMITED
(Formerly HIND SILICATES PVT. LTD.)
AN ISO 9001 & ISO 22716CERTIFIED COMPANY
Manufacturers of :
SODIUM SILICATE & CEMENT ADDITIVES
(CHEMICALS FOR CONSTRUCTION)
We undertake waterproofing & rehabilitation jobs
IS:2645 & IS:9103
IGBC-MP1408
BHUBANESWAR : Subrat Kuanr +91 9830079567, Santosh Nayak +91 8895677677, GUWAHATI : Manik Dey +91 9864824344, HIMACHAL PRADESH : Sohan Singh Pathania +91 9816429795, KOLKATA: Nest Constructors +91 9831075782, MIDNAPORE (W.B) : New S.A. Sanitary +91 9851403508, MUMBAI : M.S. Construction +91 9821142952, MANGALORE: N.K.Prosad +91 9900450242, NEW DELHI : Biswajit Bhowmick +91 9810719276, Home Care Agency +91 9810172216, PATNA : Happy Home +91 9122191920, SILIGURI : Subhojit Ghosh +91 9836367567, UTTAR PRADESH : Pramod Kr. Shahi +91 8726808888, Hind Trading Company +91 7052429999
BHUTAN (JAIGAON) : Bhawani Enterprise +91 9434607111, NEPAL : Ashwin International Pvt. Ltd 009779851035502.
62B, Braunfeld Row, VASHUDHA, Kolkata-700 027
Tel.:+91 33 2449 0835 / 39, & +91 98305 99113, Fax :+91 33 2449 0849
email : contactus@hindcon.com, Website : www.hindcon.com

समाचार सार

सीताराम शर्मा की ७०वीं वर्षगाँठ पर

कॉफी टेबल बुक 'माई लाइफ एंड टाईम्स' का लोकार्पण

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल **श्री केशरीनाथ त्रिपाठी** ने कहा कि **श्री सीताराम शर्मा** का पत्रकार, लेखक, कूटनीतिज्ञ, समाजचिंतक, व्यवसायी, राजनैतिक पर्यवेक्षक एवं अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ के रूप में एक बहुआयामी व्यक्तित्व रहा है। राज्यपाल बेलारूस के कन्सुल जनरल, अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष एवं पश्चिम बंगाल संयुक्त राष्ट्र संघ के चेयरमैन श्री सीताराम शर्मा की ७०वीं वर्षगाँठ के अवसर पर प्रकाशित कॉफी टेबल बुक 'माई लाईफ एण्ड टाईम्स' के विमोचन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आत्मजीवनी का महत्व केवल परिवार तक ही सीमित नहीं रहता। जो आपके जीवन की सभी सुखद एवं दुःखद घटनाओं को जानना चाहते हैं, समाज का एक वर्ग आपके सफल जीवन के संदेश, आदर्श एवं मूल्यों को अपने जीवन में ढालने का प्रयास कर सकता है।

सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री **प्रोफेसर सौगत राय** ने अपने ४० वर्षों से अधिक के संबंध की चर्चा करते हुए कहा कि सीतारामजी के मधुर एवं गहरे राजनैतिक संपर्क विभिन्न राजनेताओं से रहे हैं। पूर्व सांसद **प्रो. भारती राय** एवं पूर्व राज्यपाल न्यायाधीश **श्री श्यामल कुमार सेन** ने भी अपने व्यक्तिगत संबंधों की चर्चा करते हुए श्री शर्मा के विशिष्ट योगदानों की बात कही।

मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री प्रह्लाद राय अगरवाला** ने श्री शर्मा के सामाजिक योगदान को महत्वपूर्ण बताया। मंच पर यादवपुर विश्वविद्यालय के उप कुलपति प्रो. सुरंजन दास, प्रसिद्ध चित्रकार श्री सुभाप्रसन्ना और मेम्बर इन काउंसिल, श्री देवाशीष कुमार भी उपस्थित थे।

समारोह में सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षगण श्री नंदलाल रुँगटा, डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया, श्री रामअवतार पोद्दार, उपाध्यक्ष श्री संतोष सराफ, महामंत्री श्री शिव कुमार लोहिया, संगठन मंत्री श्री संजय हरलालका सहित उद्योग, कूटनीति, शिक्षा आदि क्षेत्रों के गणमान्य विशेषज्ञ उपस्थित थे।

समाचार प्रादेशिक सम्मेलनों से : उत्कल

सम्मेलन की भुवनेश्वर शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

गत २४ जुलाई २०१६ को उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की भुवनेश्वर शाखा एवं स्थानीय रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में अन्नपूर्णा मंडप, नयापल्ली, भुवनेश्वर में एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय विधायक **श्री प्रियदर्शी मिश्र**, पूर्व विधायक **श्री राजेन्द्र ढोलकिया**, भुवनेश्वर के मेयर **श्री अनंत नारायण जेना** एवं ओड़िया फिल्म अभिनेत्री **सुश्री अनु चौधरी** ने रक्तदाताओं का अभिनंदन-प्रोत्साहन किया।

सम्मेलन की भुवनेश्वर शाखा के अध्यक्ष **श्री अशोक अग्रवाल**, मंत्री **श्री रवि अग्रवाल** एवं रोटरी क्लब के स्थानीय पदाधिकारियों ने समारोह में सक्रिय भूमिका निभाई। ★★★

With Best Compliments from:

ROAD CARGO MOVERS PVT. LTD.

Head- office:
1 Gibson Lane, 2nd Floor
Suite- 211, Kolkata- 700069
Phone : 2210-3480,2210-3485
Fax: 2231-9221
E-mail : info@roadcargo.in

Branches & Associates :
Guwahati, Siliguri, Durgapur, Haldia, Kharagpur, Balasore,
Bhubneswar, Cuttuck, Iccapuram, Vishakapatnam, Vijaywada,
Hyderabad, Chennai, Bangalore, Cochin, Gaziabad (U.P. Border), Indore

ANMOL®

The Right Bite

BISCUITS

Even before
"Good morning"
we are the first thing on
a million lips every day.

Enjoy fresh-baked goodness.

www.anmolbiscuits.com

L&K | SAATCHI & SAATCHI

300 RESIDENTIAL COMPLEX

Parnasree Green

Actual View

THE PREMIUM LIFESTYLE AWAITS YOU.

After the successful completion of the Parnasree Green Phase I, SKDJ Group now launches the PG Height (Phase II).

The biggest jewel in the crown of Parnasree Green the Phase II shall consist over 90 Premium Residences spread across 10+ storeys with various modern amenities. Located on the 60 feet wide, prominent Upendra Nath Banerjee Road it shall be the Largest Complex with State-of-the-art security in Parnasree.

Close to New Alipore, Parnasree Green Phase II is well connected to Schools, Hospitals, Metro and Multiplexes etc. with public transport facilities right at the doorstep.

Swimming Pool | Community Hall | Indoor Games
Multi-gym | Children's Play Area | Jogger's Track

Marketed By
SOMANI REALTORS™
Home for All

Developed By
SKDJ Group

Contact us:
033 6459 5959
97 4848 5858

स्वतंत्रता दिवस पर युवाओं का आह्वान

हमें पुनः विश्वगुरु बनना है!

– **शिव कुमार लोहिया**, राष्ट्रीय महामंत्री

"भारत मानव जाति का पालना है, मानव भाषा की जन्मस्थली है, इतिहास की जननी है, पौराणिक कथाओं की दादी और प्रथाओं की परदादी है। मानव इतिहास की हमारी सबसे कीमती और सबसे ज्ञानगर्भित सामग्री केवल भारत में ही संचित है।" ये कहना है अमेरिका के प्रख्यात विद्वान **मार्क ट्वेन** का जो कि उन्होंने पूरे होशो-हवाश में कही थीं। भारत के गौरवमय इतिहास के विषय में विश्व के अनेकों जाने-माने विद्वानों ने बहुत सी बातें कही हैं, जिन्हें पढ़कर रोमांच एवं गौरवबोध होता है। जर्मनी के प्रसिद्ध दार्शनिक **मेक्स मूलर** ने कहा था — अगर मुझसे पूछा जाय कि किस आकाश के तले मानव मस्तिष्क ने अपना सबसे प्रिय उपहार का विकास किया है, जीवन के जटिलतम समस्याओं के विषय में गंभीरतापूर्वक मंथन किया है एवं उसका निदान सुझाया है, तो मैं भारत की ओर इशारा करूँगा। फ्रांस के **रोमेन रोलेंड** ने कहा है — यदि धरती पर ऐसी जगह है जहाँ प्रारम्भिक दिनों से ही जब मनुष्य ने सपने देखने शुरु किये और उसके सभी सपनों को आश्रय मिला, वह जगह भारत है। कभी बनारस विश्व के ज्ञान का केन्द्र हुआ करता था। बनारस के प्राचीनता के विषय में कहा गया है कि बनारस इतिहास से भी पुराना है, परम्पराओं से पुराना है, किंवदतियों से भी प्राचीन है और जब सबको एकत्र कर दूँ तो उस संग्रह से भी दोगुना प्राचीन है।

स्वामी विवेकानन्द भारत के गौरवमय इतिहास के विषय में जानते थे। उन्होंने कहा था - **"भारतीय जितना ज्यादा अपने अतीत के विषय में अध्ययन करेंगे, उतना ही हमारा भविष्य उज्जवल होगा। जो भी व्यक्ति हमारे अतीत को प्रत्येक व्यक्ति के दरवाजे लेकर आता है, वह देश का सर्वाधिक हितैषी है। हमारा पतन इसलिए नहीं हुआ कि हमारे प्राचीन कायदे-कानून अच्छे नहीं थे, बल्कि इसलिये कि उनका पूर्ण रूप से निष्पादन नहीं करने दिया गया।"** विदेशी आतातायियों ने हमारे देश को तरह-तरह से आघात पहुँचाया। सन् १८३५ में **लार्ड मैकाले** ने ब्रिटिश संसद में कहा था – "भारत के लोग नैतिक मूल्य एवं बौद्धिक क्षमता से सराबोर हैं। मैं नहीं समझता कि इस देश की रीढ़ की हड्डी चूर-चूर किये बिना इस देश पर हम विजय प्राप्त कर सकते हैं। अतएव मेरा प्रस्ताव है कि हम उनकी प्राचीन शिक्षा-पद्धति एवं संस्कृति को ही बदल दें, क्योंकि जब भारतीय यह समझने लगेंगे कि जो कुछ भी विदेशी एवं अंग्रेजी है, वह उनकी विरासत से श्रेष्ठ है, तब वे अपना आत्म-सम्मान खो देंगे एवं सही मायने में गुलाम बन जायेंगे।" अंग्रेजों के पहले मुगलों ने भी भारत को गुलाम बनाकर लूटा एवं हमारी मजबूत अर्थव्यवस्था एवं अनुपम संस्कृति पर कुठारघात कर उसे तहस-नहस कर दिया। फिर भी हमारा अस्तित्व आज कायम है, यह किसी आश्चर्य से कम नहीं। लम्बी लड़ाई के बाद हमने स्वतंत्रता तो प्राप्त कर ली पर जल्द ही हमारे स्वतंत्रता-सेनानियों के बलिदानों को भुला दिया गया। राष्ट्रप्रेम एवं आत्मगौरव की जगह भ्रष्टाचार, सामाजिक पतन, नैतिक अवमूल्यन एवं क्षुद्र मानसिकता से हम आज ग्रस्त हैं। कवि की पंक्तियाँ सटीक बैठती हैं-

मेरी तहजीब नंगी हो रही है, यह उड़कर एक दुपट्टा जा रहा है,
न जाने क्या जुर्म हुआ हमसे, हमें किश्तों में लूटा जा रहा है।

विश्वगुरु के रूप में स्वीकृत हमारी परम्परा, संस्कृति एवं संस्कारों से क्रमशः हम दूर होते जा रहे हैं। आज देश की ६५ प्रतिशत आबादी युवा है। युवकों के आदर्श आज महात्मा गाँधी, सुभाष चंद्र बोस एवं भगत सिंह न होकर अमरीकी आर्थिक संस्थाएँ हो गई हैं। चाणक्य नीति, विदुर नीति, भगवद्गीता के संदेश पूरे विश्व में विभिन्न तरीकों से अपनाये जा रहे हैं, पर हम उनसे दूर होते जा रहे हैं। प्रत्येक सामाजिक समस्या एवं विसंगति का राजनैतिकरण करने के वर्तमान चलन से समाज विभक्त होता जा रहा है। सामाजिक समरसता एवं भाईचारा के बिना तथाकथित आर्थिक विकास के दावे एक मृगमरीचिका के समान एवं बेमानी है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था — युवा का अर्थ है स्वयं में दृढ़ विश्वास रखना, अपने आशावादी निश्चय एवं संकल्प का अभ्यास करना और सुसंस्कृति के इस सुंदर कार्य में अच्छे इरादों की इच्छा रखना। सच्ची सफलता का सार ये है कि तुम स्वयं कैसा बनते हो। यह जीवन का आचरण है, जिसे तुम विकसित करते हो। यह चरित्र है, जिसका तुम पोषण करते हो और किस तरह का व्यक्ति बनते हो। यह सफल जीवन का मूल अर्थ है। **इसलिए तुम पाओगे कि महत्वपूर्ण मसला सिर्फ जिंदगी में सफलता से जुड़ा हुआ नहीं है, बल्कि जीवन की सफलता का है।**

पाश्चात्य सभ्यता एवं मापदंडों की चकाचौंध से प्रभावित आज के युवा के पास जो भी सांस्कृतिक धरोहर थी, उसे गंवा बैठा है। आज का अभिमन्यु चक्रव्यूह का सातवाँ द्वार भेदने में असमर्थ है। प्रख्यात साहित्यकार एवं कवि श्री केशरीनाथ त्रिपाठी ने इस परिस्थिति से मुकाबला करने का पथ सुझाया है – **ढूँढना है तो ढूँढो, देश की माटी को / इसकी परीपाटी को, माटी की सुगंध को / मानव से मानव के टूटे संबंध को / और उनसे जोड़ो संस्कृति और संस्कार / फिर अपने आप टूट जायेगा / चक्रव्यूह का सातवाँ द्वार।**

अकाल अगर अनाज का हो तो मानव मरता है, अकाल अगर संस्कृति का हो तो मानवता मरती है। कोहिनूर जैसे हमारे संस्कार एवं संस्कृति का हम स्वयं ही कांच से सौदा कर रहे हैं। हीनता एवं दीनता से ग्रस्त हमारे देश को आज स्वामी विवेकानंद की वाणी पुकार रही है – जिसमें उन्होंने आह्वान किया था – हे अमृत के अधिकारीगण ! तुम तो ईश्वर की संतान हो, अमर आनंद के भागीदार हो, पवित्र एवं पूर्ण आत्मा हो ! तुम इस मर्त्यभूमि पर देवता हो ! उठो ! आओ ! ए सिंहों ! इस मिथ्या भ्रम को झटककर दूर फेंक दो कि तुम भेड़ हो ! तुम जरा-मरण रहित नित्यानंदमय आत्मा हो।

आध्यात्म का इतना सुंदर वर्णन एवं उपयोग हमारे तन एवं मन को झंकृत कर देता है। **आवश्यकता है कि हम क्षुद्र एवं भेदभाव के भावनाओं एवं अमानवीयता से ऊपर उठकर वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना से, स्वनिर्माण, राष्ट्र-निर्माण एवं विश्व-निर्माण के पुनीत कार्य में स्वयं को नियोजित करें।** अतीत के गौरव को पुनः प्राप्त करने का यही पथ है जो कि हमारे मनीषियों ने हमें दिखाया है। ★ ★ ★

समाचार सार

कुमारसभा पुस्तकालय में स्व. जुगलकिशोर जैथलिया के चित्र का अनावरण

गत २६ जून २०१६ को कोलकाता स्थित श्री बड़ाबाजार कुमारसभा पुस्तकालय में पुस्तकालय के मार्गदर्शक एवं पूर्व अध्यक्ष दिवंगत जुगलकिशोर जैथलिया के चित्र का अनावरण समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। अनावरण किया जुगलजी के बालसखा एवं कुमारसभा के पूर्व मंत्री **श्री गोविन्द नारायण काकड़ा** ने। इस अवसर पर कुमारसभा के अध्यक्ष **डॉ. प्रेमशंकर त्रिपाठी** ने कार्यक्रम की पीठिका प्रस्तुत करते हुए समाज एवं कुमारसभा पुस्तकालय के प्रति जुगलजी के अवदानों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि दिवंगत जैथलिया जी की सहृदयता एवं समाजनिष्ठा अनुकरणीय एवं प्रेरक है।

प्राध्यापिका **डॉ. राजश्री शुक्ला** ने कहा कि जैथलियाजी भारतीय संस्कृति को सुंदर बनाने में आजीवन सक्रिय रहे। पत्रकार **श्री गीतेश शर्मा** ने कहा कि जैथलियाजी का सबसे बड़ा गुण था उनकी संवादप्रियता। वे सभी विचारधारा के लोगों के बीच संवाद के पक्षधर थे। मिथिला विकास परिषद के अध्यक्ष युवा नेता **श्री अशोक झा** ने कहा कि दल की सीमा से परे उनका विराट व्यक्तित्व सभी को अपने में समेट लेता था।

श्रीमती स्नेहलता बैद, कवि-पत्रकार **श्री संजय सनम**, कवि **श्री रविप्रताप सिंह**, **श्रीमती सुधा जैन**, कवयित्री **डॉ. करुणा पाण्डेय**, **श्री भँवरलाल मूंधड़ा**, **डॉ. तारा दूगड़**, **श्री भागीरथ चांडक** आदि ने भी अपनी भावांजलि दी।

कवयित्री एवं गायिका **सुश्री इंदु चाण्डक** ने श्रीराम वंदना प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत किया **सर्वश्री महावीर बजाज**, **अरुण मल्लावत** एवं **योगेश राज उपाध्याय** ने। कार्यक्रम का कुशल संचालन किया साहित्यमंत्री **श्रीमती दुर्गा व्यास** ने तथा धन्यवाद ज्ञापन **श्री गिरिधर राय** ने किया।

कुमारसभा पुस्तकालय में कर्मयोगी जुगलकिशोर जैथलिया के चित्र-अनावरण के अवसर पर सर्वश्री महावीर बजाज, सज्जन कुमार तुल्स्यान, जयप्रकाश सेठिया, गोविन्द नारायण काकड़ा, गीतेश शर्मा, नन्दलाल शाह एवं अरुण मल्लावत।

Land for Sale

At Sikar (Rajasthan) on NH -52, Akhaypura Near Ranoli
36 Bigha Agriculture Land for Sale,
Suitable for School, College, Institute, Residential and Commercial Complex.

For Further details,
Contact **Rajesh Agarwal** of
S. R. Realtors - 9830429604 / 9836629604

सामाजिक कुरीतियाँ एवं उनमें सुधार की जरूरत

– घनश्याम प्रसाद सोभासरिया

आज हमारे समाज में जिन कुरीतियों और बुराइयों ने पाँव पसारे हैं, उन पर चर्चा करना और उनको किस प्रकार सुधारा जा सकता है इसकी कोशिश करना एक अहम मुद्दा है, जिस पर हम सबको एकजुट होकर प्रयास करना होगा। आइए कुछ अति विशेष बुराइयों की चर्चा हम यहाँ पर करते हैं।

वर्तमान समय में टी.वी. चैनलों, फ़िल्मो तथा पत्र-पत्रिकाओं में मनोरंजन एवं मोबाइल को जिस तरह से आवश्यकता का नाम देकर समाज के ऊपर थोपा जा रहा है, वह मनोरंजन के नाम पर विनाश ही है। पत्र-पत्रिकाओं के मुख पृष्ठों तथा अंदर के पृष्ठों पर अश्लील चित्रों की भरमार रहती है, फ़िल्म जगत तथा टी.वी. चैनल तो मानो इस स्पर्धा के लिए ही आरक्षित है। हर बार नए-नए उत्तेजक दृश्यों, अपराध के विषयों, हिंसा के तरीकों का प्रदर्शन करना तो मानों इनका सिद्धांत ही बन गया है। जो हमारे समाज पर, हमारे बच्चों पर बुराई की अमिट छाप छोड़ रहे हैं, क्योंकि बुराई जल्दी ग्रहण की जाती है। जैसे कि एक टी.वी. धारावाहिक में उड़ते हुए काल्पनिक व्यक्ति को देख कर कई मासूम बच्चों का छतों व खिड़कियों से कूद कर जान से हाथ धो बैठना, क्या यह विनाश की नई परिभाषा नहीं है। गांधी जी ने बचपन में सत्यवादी हरिश्चन्द्र नाटक देखा था और उसका उनके जीवन पर इतना प्रभाव पड़ा कि आजीवन सत्य बोलने का संकल्प ले लिया।

एक चलचित्र का बालक के जीवन पर कितना गहरा प्रभाव पड़ता है यह गांधी जी के जीवन से स्पष्ट हो जाता है। अब जरा विचार कीजिए कि जो बच्चे टी.वी. के सामने बैठकर एक ही दिन में कितनी ही हिंसा बलात्कार और अश्लीलता के दृश्य देख रहे हैं, वे आगे चल कर क्या बनेंगे? सड़क चलते हमारी बहन-बेटियों को छेड़ने वाले कहाँ से पैदा हो रहे हैं? उनमें बुराई कहाँ से पैदा होती है? कौन लोग हैं जो पाँच और दस साल की छोटी बच्चियों को भी अपनी हवस का शिकार बना लेते हैं? उनको यह सब कौन सिखाता है? क्या यह किसी स्कूल से प्रशिक्षण लेते हैं? किसी भी स्कूल में ऐसा पाप करने का प्रशिक्षण नहीं मिल सकता। कोई भी माता-पिता अपने बच्चों को ऐसा करने की शिक्षा नहीं देते। वर्तमान समय का मनोरंजन नहीं, अपितु घर-घर में सुलगती ऐसी आग है जो बिना दिखे सब कुछ जला रही है, समाज की धरोहर को खोखला करती जा रही है।

आज का युग मोबाइल का युग है, आधुनिकता का युग है। मोबाइल से एक व्यक्ति पूरी दुनिया से जुड़ा रह सकता है, चाहे कहीं भी हो। इस मोबाइल के सदुपयोग भी हैं और दुरुपयोग भी, आज की परिस्थितियों को देखते हुए, युवा वर्ग में इसका उपयोग कम, दुरुपयोग अत्याधिक हो रहा है।

यदि हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे किसी गली का माफ़िया ना बनें, डॉन ना बनें, बलात्कार जैसी घटना ना हो, आपके-हमारे बच्चे संयमी, चरित्रवान तथा महान बनें तो आज से इन केबल कनेक्शनों, सिनेमाघर तथा अश्लीलता का प्रचार करने वाले माध्यमों का बहिष्कार करें। हमें नैतिक तथा मानसिक रूप से उन्नत करने वाली फ़िल्मों की आवश्यकता है। हमें ऐसे प्रसारण चाहिए जिनसे स्नेह, सदाचार, सहनशीलता, करुणा भाव, आत्मीयता तथा माता-पिता, गुरुजनों एवं अपनी संस्कृति के प्रति आदर का भाव प्रकट हो जिससे हमारा समाज दिव्य गुणसंपन्न हो सके, इसके लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना होगा, नहीं तो आने वाला समय हम सबको माफ़ नहीं करेगा।

हमारे समाज में वृद्धाश्रम की आवश्यकता नहीं है, आवश्यकता है, संयुक्त परिवार की। ग़म खाकर एवं त्याग करके ही संयुक्त परिवार चलाए जा सकते हैं। आज प्रत्येक माँ-बाप बेटियों को तो स्वतंत्र बनाना चाहते हैं लेकिन बहू, शादी के तुरंत बाद से ही उनकी आज्ञा का पालन करे। अरे! यह कैसे संभव होगा? किसी की बेटी ही तो किसी की बहू बनेगी। हम अपने बच्चों को जुड़ कर रहने की बातें अपने धार्मिक ग्रंथों से सिखाएँ, उन बातों को जीवन में उतारने की शिक्षा दें। जैसे रामायण में भरत-चरित्र से भाई के प्रेम की, भगवान राम से माता-पिता की आज्ञा-पालन की और इस तरह के अनेकों ऐसे प्रसंग भरे पड़े हैं जिनको जीवन में उतारें तो हमारे बच्चों का और हमारे समाज का कल्याण हो जाए।

हमारे पूर्वज किसी भी उत्सव एवं पावन कार्यों में कुछ दान-धर्म करना अपना कर्त्तव्य समझते थे जैसे गौशाला में, अनाथालय में, स्कूल में, औषधालय इत्यादि में। लेकिन यह प्रथा आज हमारे समाज से लुप्त सी हो गई है। अरे! हमारे यहाँ विवाह और विभिन्न उत्सवों में अत्याधिक फ़िज़ूलख़र्ची होती है परंतु दान-धर्म के नाम पर हम पीछे हट जाते हैं। हमें इस प्रथा को पुनः सजीव करना होगा।

धन की गति दान से ही है, नहीं तो धन की दुर्गति ही होती है

पहले मारवाड़ी समाज के लोग अपव्यय बिल्कुल नहीं करते थे। विवाह आदि शुभ कार्य में ग़रीब-अमीर का भेद-भाव नहीं था। सब प्रेमपूर्वक सम्मिलित होते थे, यथाशक्ति अपना योगदान करते थे। दीपावली, होली, गणगौर, रक्षाबंधन आदि सभी त्यौहार प्रसन्नतापूर्वक मिल-जुल कर संपन्न करते थे। त्यौहारों के बाद अपने से बड़ो को प्रणाम करने हेतु रिश्तेदारों के घरों में अवश्य जाते थे, तथा उनका आशीर्वाद ग्रहण करते थे। अपने पूज्यजनों के आगे नतमस्तक होकर बातचीत करते थे, सिर उठाकर बात करने का साहस नहीं था। सब आज्ञाकारी होते थे।

शिक्षा के कारण बच्चों को सोच में परिवर्तन हो गया हैं बच्चे निपुण हुए हैं, किंतु निपुणता के साथ इनमें उश्रृंखलता, उदण्डता भी आ गई है। फलस्वरूप अपनो से बड़ों का सम्मान करने के संस्कार क्षीण हो गए हैं। बोली में माधुर्य के स्थान पर कड़वाहट आ गई है। शर्म लिहाज़ का पतन हो गया है। अंततः दिनों-दिन तलाक़ बढ़ते जा रहे हैं। विवाह जैसा पवित्र बंधन, ऐसा बंधन जो जीवन-पर्यंत साथ निभाता था, आज कच्चे धागे की तरह कमज़ोर हो गया, सारी पवित्रता लुप्त हो गई है।

इससे मारवाड़ी समाज भी अछूता नहीं रहा। समाज में संपन्नता आई तो कुरीतियाँ भी साथ में आ गईं। दिखावा, आडंबर को ही शान समझने लगे हैं। अपव्यय को अपव्यय नहीं मानते। तरह-तरह के तर्क देकर इसे जायज़ ठहराने का कुप्रयास करते हैं। जिसके पास जितना अधिक पैसा, वह उतना ही बड़ा आदमी। यही सोच समाज में विकार पैदा करने का मुख्य कारण है। कुरीतियों की जड़ यही सोच है। बड़े लोग दिखावा-आडंबर में दिल खोलकर पैसों का दुरुपयोग करते हैं, देखा-देखी मध्यम वर्ग के लोगों को भी इसी राह पर चलना पड़ता है चाहे उसकी औक़ात हो या न हो। कर्ज़ लेकर दिखावा करना पड़ता है। विवाह-शादियाँ औपचारिकता मात्र रह गई हैं। प्रेमबेल सूख गई है, लोग मुँह दिखाकर चले जाते हैं।

समय रहते नहीं चेते तो बहुत पछताना पड़ेगा। फिर "जब चिड़ियाँ चुग गई खेत" वाली कहावत चरितार्थ होगी। समाज के प्रबुद्ध, ज़िम्मेवार तथाकथित बड़े लोगों का यह परम कर्तव्य है कि वह इसी पल से समाज में व्याप्त हो रही कुरीतियों पर लगाम लगाने का प्रयत्न करें। ★★★

नारी जागरण के लिए समर्पित

जानकी देवी बजाज



– राजेन्द्र केडिया

लक्ष्मणगढ़ के मूल निवासी गिरधारीलाल जाजोदिया इन्दौर के निकट जावरा कस्बे में अफीम का व्यवसाय किया करते थे। वे कट्टर बैष्णव थे। इन्हीं के यहाँ ७ जनवरी, १८९३ को जावरा (म. प्र.) में जानकी देवी का जन्म हुआ। मई १९०२ में तेरह वर्षीय जमनालाल बजाज की शादी नौ वर्ष की जानकी देवी के साथ हुई थी।

शादी के बाद ढाई माह तक अपने ससुराल (वर्धा) में रहना पड़ा। इसके बाद वह जावरा लौटी लेकिन कुछ ही दिन में फिर ससुराल का बुलावा आ गया। उन दिनों वर्धा में प्लेग का प्रकोप था। जानकी देवी की सास प्लेग की चपेट में आकर चल बसी। सास के मरने के बाद का एक दशक जानकी देवी के जीवन को बहुत कुछ सीख दे गया। छोटी उम्र में मिली जिम्मेदारियों ने उनके व्यक्तित्व को निखारा। घर की रुढ़िवादी महिलाओं के तानों ने उनको सहनशील और कई बुजुर्ग परिजनों की इहलोक से विदाई ने उनको गंभीर बनाया।

जमनालालजी ने अपनी पत्नी को शिक्षित करने के लिए एक पारसी महिला को जिम्मेदारी सौंपी। कुछ तो शिक्षा का प्रभाव पड़ा और कुछ परिस्थितियों से आई समझ का, धीरे-धीरे रुढ़िवादी मान्यताओं का घेरा रेत की दीवार के समान ढहने लगा।

महात्मा गांधी जब दक्षिणी अफ्रीका प्रवास से लौटे तब जमनालालजी उनके सम्पर्क में आए, कुछ ही समय में वे गांधीजी के पाँचवे पुत्र के रूप में उनके बिल्कुल निकट हो गए और स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। उनकी निजी व्यस्तता काफी बढ़ गई। ऐसे में जानकी देवी ने अपने पति को निजी सहायक के रूप में सहयोग दिया। इस तरह वह भी महात्मा गांधी के साथ स्वतंत्रता-आंदोलन से जुड़ गई।

समय बीतता गया। धीरे-धीरे जानकी देवी ने जड़ परंपराओं के विरुद्ध बिगुल बजाना शुरू कर दिया। सबसे पहले उन्होंने घूँघट और गहनों का त्याग किया। मारवाड़ी समाज के बुजुर्ग पुरुष और महिलाओं ने बहुत बातें बनाई, जानकी देवी को समझाया पर उन्होंने आगे बढ़ा हुआ कदम वापस नहीं लिया। वे सम्पूर्ण महिला समाज को कुरीतियों से आजाद कराना चाहती थीं।

जानकी देवी के इस प्रचण्ड वैचारिक वेग को देखकर उस समय के मारवाड़ी समाज की औरतें कहा करती थीं – 'भाई वाह! परदो कर्‌यो तो असो कर्‌यो के कोई नख बी क्यूं देख लेवे अर छोड्‌यो तो असी छोड्‌यो कै मोट्यांरां की सभा में व्याख्यान छांटै लागी।'

जानकी देवी अपनी आत्मकथा में लिखती हैं कि यह वह समय था जब पहाड़ की चोटी पर चढ़ना आसान होता था, समुद्र को लांघना सरल होता था पर घर में किसी बुजुर्ग के सामने बिना घूँघट के जाना बड़ा मुश्किल होता था। वर्धा में अग्रवाल महासभा का अधिवेशन होने वाला था। जमनालाल बजाज इसमें पर्दा प्रथा के खिलाफ बोले। कृष्णदास जाजू, जिनको जमनालाल अपना बड़ा भाई मानते थे, वे भी इस अधिवेशन में उपस्थित थे। उन्होंने जमनालाल जी से कहा कि पर्दा हटाने की शुरुआत उन्हें अपने घर से करनी चाहिए। जमनालाल जी ने ऐसा ही किया। उन्होंने पत्नी और छोटे भाई की बहू से इसकी शुरुआत कराई। साबरमती आश्रम में जाने के बाद जानकी देवी पूरी तरह घूँघट से आजाद हो पाईं। वहाँ जाकर तो चूड़ियाँ और बिंदिया तक का त्याग कर दिया। नमक सत्याग्रह के दौरान जानकी देवी पहली बार गिरफ्तार हुईं। वे लिखती है, 'मुझे जेल जाने जाने और बहनों को जेल के लिए तैयार करने की ऐसी धुन लगी जैसे मायके जाने का उत्साह हो। मैं अधिक उत्साह से यह काम करने लगी तो अंग्रेज अफसरों ने मुझे खतरनाक जानकर गिरफ्तार कर लिया। मुझे छह माह की सजा दी गई।' वे आगे लिखती हैं, 'मैं नागपुर जेल में थी। वहाँ के अधीक्षक बड़े कठोर थे। कैदी उन्हें जल्लाद कहा करते थे। बैंगन की उबली सब्जी और रूखी रोटी मिलती थी। मैं बीमार हो गई। सात दिन में मेरा तेईस पौंड वजन कम हो गया।'

जेल से बाहर आकर जानकी देवी फिर महिला जागरण के काम में लग गई। राजस्थान के शेखावाटी और बीकानेर क्षेत्र में तथा कलकत्ता, पटना और अन्य दूरस्थ स्थानों पर उन्होंने महिलाओं की बैठकें आयोजित कर उन्हें कुरीतियों के खिलाफ संगठित किया। वर्ष १९३३ में कलकत्ता में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की उन्होंने अध्यक्षता की। उस समय वर्धा से महात्मा गांधी ने जानकी देवी की संदेश भेजा -

वर्धा, २५-१०-३३

प्रिय भगिनी,

आप बहनों से परदा झुड़वाने कलकत्ता आई हैं, धन्यवाद। परदा वहम नहीं है उसमें मुझे पाप की बू आती है। परदा किससे रखें? क्या पुरुष मात्र विषयासक रहते हैं? क्या स्त्री अपनी पवित्रता बगैर परदे के नहीं रख सकती? पवित्रता एक मानसिक बात है, यदि इस बुद्धि-प्रधान युग में स्त्री अपने धर्म की रक्षा चाहती है तो उसे शिक्षण, प्रशिक्षण लेकर दरिद्र नारायण की सेवा करनी होगी, अस्पृश्यता व दूसरी बुराइयों के कलंक को धोना होगा। ये कार्य परदे में रहकर नहीं किए जा सकते और यदि इन कार्यो से नारी वंचित रह जाती है तो पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इतिहास निर्माण भी श्रृंखला ही टूट जाएगी।

क्या सीता परदा रखकर रामजी के साथ जंगलों में भटकी थी? सीता से बड़ी पवित्र स्त्री इस जगत में नहीं हुई। बहनों से कहो परदा तोड़ो, धर्म रखो और आगे आओ।

आपका, मोहनदास गांधी

जानकी देवी ने स्वदेशी आन्दोलन में काम किया। सात रुपये में चरखा खरीदा और सूत कातने लगी। जगह-जगह विदेशी कपड़ों और सामान की होली जलाई। ११ फरवरी, १९४२ को जब जमनालाल बजाज का देहावसान हुआ तो जानकी देवी को बहुत आघात लगा। महात्मा गांधी की सान्त्वना से उन्हें संबल मिला। जमनालालजी के निधन के बाद महात्मा गांधी ने जानकी देवी पर गौ संघ की जिम्मेदारी डाली। वह उसकी अध्यक्षा बनाई गईं। आचार्य विनोबा भावे और घनश्याम दास बिड़ला उपाध्यक्ष बने।

१९४८ में महात्मा गांधी की हत्या के बाद जानकी देवी को एक और झटका लगा। वह पूरी तरह विनोबा भावे के सान्निध्य में गौ सेवा और सूत कताई के कामों में व्यस्त हो गईं। देश आजाद हो गया था और आजादी के बाद विनोबा भावे का भू-दान यज्ञ प्रारम्भ हुआ जिसमें १०८ कुओं के निर्माण की एक योजना भी बनाई गई। इस योजना की जिम्मेदारी जानकी देवी की सौंपी गई जिसे उन्होंने बखूबी निभाया। उन्होंने जगह-जगह का दौरा और व्यापक जनसम्पर्क किया। भू-दान और कूप दान कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी के कारण भारत सरकार ने १९५६ में जानकी देवी बजाज को 'पद्म विभूषण' से अलंकृत किया।

नारी जागरण, खादी पहनना, प्राकृतिक चिकित्सा, गौ सेवा, कुओं का निर्माण इत्यादि उनके जीवन से गहरे जुड गए। २१ मई, १९७९ को वर्धा में जानकी देवी बजाज का देहावसान हुआ। ★ ★ ★

मायड़भाषा ने भूल गया

भाईचारो मरतो दीखे,
पईसां लारे गेला होग्या।
घर सुं भाग गुरुजी बणग्या,
चोर उचक्का चेला होग्या,
चंदो खार कार में घुमे,
भगत मोकळा भेळा होग्या।
कम्प्यूटर को आयो जमनो,
पढ़ लिख ढोलीघोड़ा होग्या,
पढ़ी-लिखी लुगायां ल्याया
काम करण रा फोडा होग्या,
जेब-जेब मोबाईल होग्या।
छोरयां तो हूंती आई पण
आज पराया छोरा होग्या,
राल्यां तो उघड़बा लागी,
न्यारा-न्यारा डोरा होग्या।
इतिहासां में गयो घूंघटो,
पाऊडर पुतिया मूंडा होग्या,
झरोखां री जाल्यां टूटी,
म्हेल पुराणां टूंढ़ा होग्या।
भारी-भारी बस्ता होग्या,
टाबर टींगर हळका होग्या,
मोठ बाजरी ने कुण पूछे,
पतळा-पतळा फलका होग्या।
रूंख भाडकर ढूंढ लेयग्या
जंगळ सब मैदान होयन्या,
नाडी नदियां री छाती पर
बंगला आलीशान होयग्या।
मायड़भाषा ने भूल गया,
अंगरेजी का दास होयग्या,
टांग कका की आवे कोनी
एमे बी.ए. पास होयग्या।
तीजे दिन तलाक होयग्यों,
लाडो लाडी न्यारा होग्या,
कांकण डोरां खुलियां पेली
परण्या बींद कंवारा होग्या।
बिना रूत रा बेंगण होग्या,
सियाळा में आम्बा होग्या,
इंजेक्शन सूं गोळ तरबूज
फूल-फूल कर लम्बा हो गया
दिवलो करे उजास जगत में
खुद रे तळे अंधेरा होग्या।
मन मरजी रा भाव होयग्या,
पंसेरी रा पाव होयग्या।

— **समीर "देसप्रेमी"**

कहानी तीन बेस्ट दोस्तों की

ज्ञान, धन और विश्वास
तीनों बहुत अच्छे दोस्त भी थे
तीनों में बहुत प्यार भी था
एक वक्त आया जब
तीनों को जुदा होना पड़ा
तीनों ने एक दुसरे से सवाल किया
कि हम कहाँ मिलेंगे
ज्ञान ने कहा
मैं मंदिर, विद्यालय में मिलूँगा
धन ने कहा
मैं अमीरों के पास मिलूँगा
विश्वास चुप था
दोनों ने चुप होने की
वजह पुछी तो विश्वास ने
रोते हुवे कहा
मैं एक बार चला गया
तो फिर कभी नही मिलूँगा!

मारवाड़ी सीख

- चौखी संगत में उठणो बैठणो।
- काम स काम राखणो।
- ऊड़तो तीर नही पकड़नो।
- घणो लालच नही करणो।
- सोच समझ कर पग राखणो।
- रास्ते आणो, रास्ते जाणो।
- जितो हो सके उतो कम बोलणो।
- छोटा मोटा को कायदों राखणो।
- जितो पचे उतो ई खावो। (पेट खुदको होवे)
- बीना पूच्छया सलाह नहीं दैणी।
- पराई पंचायती नही करणी।
- आटे मे लूण समावे, लूण मे आटो नही।
- पगा बलती देखणी डुंगर बलती नही।
- बीच में ही लाडे की भुवा नही बणनी।
- सुणनी सबकी करणी मन की।

क्षणिकाएँ

आजादी
अभिव्यक्ति री
मिली है आजादी
ओछा बोल सूं
ना ल्यावो बरबादी।।

भोलो
घणो मासूम
हो भोळो
कदैई कर्यो कोनी
हकां खातिर रोळो।।

मन री बात
जकां करै
मन री बात
बै खावै कोनी
दूजां सूं मात।।

बाजी
बै ही जीतै
हमेश बाजी
जिण सूं हुवै
राज राजी।।

हेराफैरी
जका करै
हेरा फैरी
बे ई खावै
हरी-लाल चैरी।।

– **रामजीलाल घोड़ेला 'भारती'**
लूनकरनसर
बीकानेर, राजस्थान

देने वाला कौन??

एक लकड़हारा रात-दिन लकड़ियाँ काटना, मगर कठोर परिश्रम के बावजूद उसे आधा पेट भोजन ही मिल पाता था। एक दिन उसकी मुलाकात एक साधु से हुई। लकड़हारे ने साधु से कहा कि जब भी आपकी प्रभु से मुलाकात हो जाए, मेरी एक फरियाद उनके सामने रखना और मेरे कष्ट का कारण पूछना। कुछ दिनों बाद उसे वह साधु फिर मिला। लकड़हारे ने उसे अपनी फरियाद की याद दिलाई तो साधु ने कहा कि — प्रभु ने बताया है कि लकड़हारे की आयु ६० वर्ष है और उसके भाग्य में पूरे जीवन के लिए सिर्फ पाँच बोरी अनाज है, इसलिए प्रभु उसे थोड़ा अनाज ही देते हैं ताकि वह ६० वर्ष तक जीवित रह सके। समय बीता। साधु उस लकड़हारे को फिर मिला तो लकड़हारे ने कहा— ऋषिवर...।। अब जब भी आपकी प्रभु से बात हो तो मेरी यह फरियाद उन तक पहुँचा देना कि वह मेरे जीवन का सारा अनाज एक साथ दे दें, ताकि कम से कम एक दिन तो मैं भरपेट भोजन कर सकूँ। अगले दिन साधु ने कुछ ऐसा किया कि लकड़हारे के घर ढेर सारा अनाज पहुँच गया। लकड़हारे ने समझा कि प्रभु ने उसकी फरियाद कबूल कर उसे उसका सारा हिस्सा भेज दिया हैं। उसने बिना कल की चिंता किए, उसने सारे अनाज का भोजन बनाकर फकीरों और भूखों को खिला दिया और खुद भी भरपेट खाया। लेकिन अगली सुबह उठने पर उसने देखा कि उतना ही अनाज उसके घर फिर पहुँच गया है। उसने फिर गरीबों को खिला दिया। फिर उसका भंडार भर गया। यह सिलसिला रोज-रोज चल पड़ा और लकड़हारा लकड़ियाँ काटने की जगह गरीबों को खाना खिलाने में व्यस्त रहने लगा।

कुछ दिन बाद वह साधु फिर लकड़हारे को मिला तो लकड़हारे ने कहा – ऋषिवर! आप तो कहते थे कि मेरे जीवन में सिर्फ पाँच बोरी अनाज है, लेकिन अब तो हर दिन मेरे घर पाँच बोरी अनाज आ जाता है। साधु ने समझाया, तुमने अपने जीवन की परवाह ना करते हुए अपने हिस्से का अनाज गरीब व भूखों को खिला दिया, इसीलिए प्रभु अब उन गरीबों के हिस्से का अनाज तुम्हें दे रहे हैं।

सारः किसी को भी कुछ भी देने की शक्ति हम में है ही नहीं, हम देते वक्त ये सोचते हैं कि जिसको कुछ दिया तो ये मैंने दिया! दान, वस्तु, ज्ञान, यहाँ तक की अपने बच्चों को भी कुछ देते दिलाते हैं तो कहते हैं मैंने दिलाया। वास्तविकता ये है कि वो उनका अपना है आप को सिर्फ परमात्मा ने निमित्त मात्र बनाया हैं उन तक उनकी जरूरतों को पहुँचाने के लिये, तो निहित होने का घमंड कैसा?? ★★★

SREI Foundation
IISD
A Gateway to Careers
"Educate Morally & Technically"
— Swami Vivekananda
Swami Vivekananda SREI Merit Scholarship upto 100%
Quality Higher Education at lowest prices
– a corporate social responsibility
3 Yrs. # BBA ₹ 75,000
2 Yrs. MBA + PGPM ₹ 85,000
3 Yrs. # BCA ₹ 75,000
2 Yrs. MBA (Hospital Mgmnt.) ₹ 95,000
2 Yrs. PGDM ₹ 1,00,000 (AIMA ALL INDIA MANAGEMENT ASSOCIATION)
2 Yrs. # MBA + PGDM ₹ 1,70,000 (AIMA ALL INDIA MANAGEMENT ASSOCIATION)
Complimentary Courses
Spoken English
Foreign Languages
Bengali & Sanskrit
ERP Training (Microsoft Certified)
Company Secretaryship / Chartered Accountancy / Administrative Services
Entrepreneurship Development
Theology
Other Courses :
Company Secretaryship
Advocateship
E-Tuition
Montessori Teacher Training (1 Year Diploma)
Retail Management
Preparatory course for Entrance Examination of MD, MS, MRCP (Medicine) – Part-I and DNB – Part-I
Language Courses : Functional English, Spoken English, Spanish, Italian, Russian, German, Chinese, Japanese, Arabic, Burmese, Persian, French, Korean, Sanskrit, Bengali and Hindi
Indian Administrative Service (IAS) and Allied Services Examinations (Prelim and Main)
WBCS (Executive) and Judicial Services Examinations (Prelim and Main)
Chartered Accountancy (CPT, IPCC & Final)
NDA / CDS – UPSC Examinations and SSB Interview
Certificate Course on Computer Applications
Advanced Diploma in Financial Management
Vocational & Technical Training
Entrepreneurship Development
Diploma in Banking and Finance
Certificate course on theology
DUAL SPECIALISATION AVAILABLE
ELIGIBILITY & SELECTION
FOR MBA/PGDM
BACHELOR'S DEGREE IN ANY DISCIPLINE WITH 50% SCORE
APPEARING FOR FINAL DEGREE EXAMINATION
GROUP DISCUSSION
PERSONAL INTERVIEW
APTITUDE TEST
APPLICANTS WITH CAT / MAT / XAT ARE PREFERRED
Assistance for placement
Eminent Faculty
Online Application Facility
Regular / Weekend Classes
Hostel
AC Classrooms
P G Accommodation
Recognised by UGC, Ministry of HRD, Govt. of India, Approved by Joint Committee of UGC, AICTE & DEC
INSTITUTE FOR INSPIRATION & SELF DEVELOPMENT
IB-200/1, Sector-III, Salt Lake, Kolkata - 700 106
Ph : 2335 2378/2861, Fax : 2335 2379
E-Mail : info@iisdedu.in
Website : www.iisdedu.in
9, Syed Amir Ali Avenue, 5th Floor
Kolkata- 700017, Ph : (033) 2290 0338

Translating dreams into reality

for a perpetual smile on every face

S. R. RUNGTA GROUP

Cares for the land and its people

MINING, STEEL & POWER

Rungta House, Chaibasa, Jharkhand - 833201

REGISTERED Postal Registration
No. KOLRMS/93/2013-2015
Date of Publication - 22nd August 2016
RNI Regd. No. 2868/68

From :
All India Marwari Federation
4B, Duckback House
41, Shakespeare Sarani, Kolkata-17
Phone : (033) 4004 4089
E-mail : aimf1935@gmail.com